





नवभारत
भोपाल, रविवार 29 मार्च, 2026


# आग से झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत

## मृतक ने वीडियो बयान में लगाए आरोप, सीसीटीवी फुटेज में स्वयं आग लगाने के संकेत : मर्ग कायम, वैधानिक जांच प्रचलन में

नवभारत न्यूज

**सागर 28 मार्च. गौरझामर थाना क्षेत्र अंतर्गत आग से झुलसे एक युवक की उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने का मामला सामने आया है. उक्त घटना के संबंध में प्राप्त मौखिक कथनों एवं संकलित तकनीकी साक्ष्यों में विरोधाभास पाए जाने के कारण प्रकरण संदेहास्पद प्रकृति का प्रतीत हो रहा है. पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विधिवत जांच प्रारंभ की गई है.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार, गौरझामर निवासी शाहरुख खान 26 वर्ष 26 मार्च की रात्रि आग से झुलसी अवस्था में पाया गया था. परिजनों द्वारा उसे तत्काल शासकीय बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज, सागर में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी स्थिति गंभीर बनी रही एवं 27 मार्च की रात्रि उसकी मृत्यु हो गई. सूचना प्राप्ति उपरांत पुलिस द्वारा अस्पताल पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की गई तथा पोस्टमार्टम कराए जाने के पश्चात शव परिजनों के सुपुर्द किया गया. मामले में एक वीडियो भी सामने आया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है. वीडियो में मृतक द्वारा कहा गया है कि वह कुछ दिन बाद घर लौटा था, तभी पड़ोस में रहने वाले जब्बार और उसके बेटे ने उसे पकड़ लिया और आग लगा दी. बताया गया है कि दोनों परिवारों के बीच पुराना विवाद था.

जांच के दौरान घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्र से सीसीटीवी फुटेज संकलित किए गए हैं. प्राथमिक परीक्षण में उक्त फुटेज में संबंधित युवक द्वारा स्वयं आग लगाने से संबंधित दृश्य परिलक्षित होने की जानकारी प्राप्त हुई है, जो मृतक के कथनों से भिन्न स्थिति दर्शाते हैं. एडिशनल पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा द्वारा बताया गया कि प्रकरण में उपलब्ध समस्त साक्ष्यों मृत्युपूर्व कथन, तकनीकी साक्ष्य एवं अन्य परिस्थितिजन्य तथ्यों का परीक्षण किया जा रहा है तथा निष्कर्षों के आधार पर विधिसम्मत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. गौरझामर थाना प्रभारी नासिर फारुखी ने बताय कि प्रारंभिक जांच में युवक द्वारा स्वयं आग लगाने के संकेत प्राप्त हुए हैं, तथापि, मृतक द्वारा लगाए गए आरोपों को भी विवेचना में सम्मिलित करते हुए समस्त तथ्यों का परीक्षण किया जा रहा है. जानकारी के अनुसार उक्त प्रकरण में मर्ग कायम कर लिया गया है एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक परीक्षण तथा अन्य साक्ष्यों की प्राप्ति उपरांत विस्तृत विवेचना की जा रही है. पुलिस का कहना है कि समस्त साक्ष्यों के वैज्ञानिक एवं विधिक परीक्षण के उपरांत ही घटना के वास्तविक कारणों का निर्धारण किया जा सकेगा. प्रकरण वर्तमान में जांचाधीन है, जिसमें मौखिक कथन एवं तकनीकी साक्ष्यों के मध्य अंतर पाए जाने के कारण विस्तृत एवं निष्पक्ष जांच अपेक्षित है.

# टैलेंट उम्र का मोहताज नहीं होता : श्री राजपूत

नवभारत न्यूज

**सागर 28 मार्च. दीनदयाल उपाध्याए शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय छात्र-छात्राओं के वार्षिक स्नेह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया.**



मुख्य अतिथि खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि आज का युग युवाओं का है, उन्होंने गौरव के साथ उल्लेख किया कि छात्र शक्ति से बड़ी कोई शक्ति नहीं होती और इतिहास साक्षी है कि जब भी देश पर संकट आए नौजवान पीढ़ी ही आगे आई है. एक समय था जब अनुभव का अर्थ केवल सफेद बाल और बड़ी उम्र माना जाता था लेकिन आज की पीढ़ी ने सिद्ध कर दिया है कि टैलेंट उम्र का मोहताज नहीं होता. आज 25 साल के युवा बड़ी कंपनियों के सीईओ बनकर नेतृत्व कर रहे हैं. अध्यक्षता बुंदेली अखाडा के माध्यम से बुन्देंली मार्सल आर्टस को सुरक्षित रखने वाले पदमश्री भगवानदास रैकवार ने की. इस अवसर पर महंत श्री केशव गिरी महाराज, नेवी जैन एवं सुखदेव मिश्र उपस्थित रहे. स्वागत भाषण प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने दिया. सम्मान एवं समापन कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया. संचालन एवं आभार डॉ. अमर कुमार जैन ने किया. जिन विद्यार्थियों का सम्मान हुआ उनमें आयुषि राजपूत, आंशी गुप्ता, मुस्कान साहू, अनुश्री चौबे, आयुश्री बोहरे, मीनू दुबे, सचिन कुमार साहू, कंचन मिश्रा, एनसीसी से राजा प्रजापति समीर कुशवाहा श्रेयांस राय आयुष साहू पुरुषोत्तम पटेल ओमश्री अहिरवार अभिषेक रजक भानू लोधी अनिल पटेल विनोद यादव चित्रकला प्रशिक्षण कम्प्यूटर एवं अर्थशास्त्र विभाग महाविद्यालय के युवा उत्सव के साथ पत्रकारिता के विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया. कार्यक्रम में डॉ. गोपा जैन, डॉ रंजना मिश्रा, डॉ इमराना सिद्दीकी, डॉ अभिलाषा जैन डॉ प्रतिभा जैन, रेनू सोलंकी, सुरेन्द्र यादव आदि मौजूद थे.

# वार्डों में फॉगिंग एवं कीटनाशक दवा छिड़काव के निर्देश दिए गए

नवभारत न्यूज

**सागर 28 मार्च. गर्मी का मौसम प्रारंभ होते ही नगर निगम क्षेत्र में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने सभी वार्डों में व्यापक स्तर पर फॉगिंग एवं कीटनाशक दवा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए.**

उन्होंने स्वच्छता अधिकारी राजेश सिंह राजपूत को निर्देशित किया है कि मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए तत्काल प्रभाव से विशेष अभियान चलाया जाए. महापौर ने कहा कि हर वर्ष गर्मी की शुरुआत के साथ मच्छरों की संख्या में वृद्धि होती है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसे ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में नियमित रूप से फॉगिंग कराई जाए तथा उच्च गुणवत्ता की कीटनाशक दवाओं का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने निर्देश दिए कि शहर की प्रत्येक गली, मोहल्ले एवं संवेदनशील क्षेत्रों में अधिक से अधिक फॉगिंग की जाए.

# बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**सागर.** एसएसके जैन पब्लिक स्कूल तिनसी की आठवी पांचवी बोर्ड परीक्षा परिणाम मे छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण रही. कक्षा 8 में विद्यार्थियों ने 77% से अधिक अंक प्राप्त किए. कक्षा 8 वी में ऐलिस राजपूत 90.66 % प्रथम स्थान प्रिया गौंड 89% द्वितीय स्थान, भावना विश्वकर्मा 88.5% तृतीय स्थान प्राप्त किया. कक्षा पांचवीं में गरिमा लोधी 85.25% प्रथम स्थान, नैन्सी लोधी 82.25% द्वितीय स्थान एवं नीति तिवारी 80.5% तृतीय स्थान प्राप्त किया दोनों कक्षाओं में छात्राएं ने परिणाम में बाजी मारी.

# विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक

नवभारत न्यूज

**बंडा 28 मार्च. क्षत्रिय महासभा द्वारा आगामी 20 अप्रैल को सागर के रुद्राक्ष धाम में आयोजित होने वाले क्षत्रिय समाज के सामूहिक कन्यादान विवाह सम्मेलन को लेकर बंडा ब्लाक क्षत्रिय महासभा की बैठक का आयोजन हुआ.**



क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष लखन सिंह और संरक्षक मंडल के तत्वावधान में आयोजित बैठक में सामूहिक कन्यादान विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई. ब्लाक स्तरीय समिति की बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और धन संग्रह को लेकर चर्चा की गई. जिला अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि पूर्व गृहमंत्री, वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह की पहल पर यह सामूहिक कन्यादान विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है. बैठक में ब्लाक अध्यक्ष नत्थूसिंह साव और जिला युवा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह सिगदौनी ने कहा कि इस पुण्य कार्य में समाज के हर व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है. बैठक में शिवराज सिंह, भूपत सिंह, कृपाल सिंह, चंदू राजा सिंह, साहब सिंह सेमरा, नन्हें भाई, रणवीर सिंह मौजूद थे.

# वार्ड से निकाली गई चुनरी यात्रा



नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 28 मार्च. वार्ड क्रमांक 3 से ज्वारे के साथ चुनरी यात्रा निकाली गई.**

यात्रा बस स्टैंड, शनिचरा बाजार सहित नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई बनेनीघाट स्थित मां शीतला दरबार पहुंची, जहां भक्तों ने मां शीतला को चुनरी अर्पित कर पूजा अर्चना की. मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा. इस दौरान महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. यात्रा के समापन पर मां शीतला से सभी ने सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की.

# जिओ बीपी पेट्रोल पंप संचालकों की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**सागर 28 मार्च. प्रदेश के 6 जिलों के जिओ बीपी पेट्रोल पंप संचालक की बैठक सागर के रिलायंस ऑफिस में संपन्न हुई.**



इस दौरान बैठक में मध्यप्रदेश के सेल्स हेड मयंक वर्मा ने कहा कि आप सभी को विदित है कि ईरान अमेरिका इजरायल युद्ध विगत 29 दिनों से चल रहा है. कई देशों में पेट्रोल डीजल की कमी हुई है परंतु भारत देश में ऐसा नहीं है भारत को पर्याप्त मात्रा में डीजल पेट्रोल उपलब्ध हो रहा है. जिओ बीपी मकरोनिया रजाखेड़ी पेट्रोल पंप के संचालक शैलेश केसरवानी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से अफवाहों के चलते पेट्रोल पंपों पर लाइन लगी हुई थी हमारे जिओ बीपी पेट्रोल पंप पर भी बड़ी संख्या में ग्राहक आ रहे है लेकिन उन्हें भी यही समझाईश दी जा रही है कि पेट्रोल डीजल की कोई कमी नहीं है. बैठक में अखिलेश मोनी केसरवानी ने कहा कि पर्याप्त मात्रा में डीजल पेट्रोल उपलब्ध है कहीं पर भी कोई समस्या नहीं है. इस अवसर पर हिमांशु नगाइच, बिकुल राठी, आकाश जैन, नीरज पांडे ढाना, विपुल जैन रहली, प्रणव जायसवाल टीकमगढ़, विमल जैन दमोह, अभिलाष श्रीवास्तव छतरपुर, महेंद्र रजक, डीके चौरसिया, आशीष अग्रवाल, पलाश बड़कुल आदि मौजूद थे.

# प्रांतीय उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत



नवभारत न्यूज

**सागर 28 मार्च. प्रांतीय अध्यक्ष माधवी शाह द्वारा मंजू मगन जैन को प्रांतीय उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है.**

नवनियुक्त प्रांतीय उपाध्यक्ष मंजू मगन जैन के मनोनयन पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जैन, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. आशा जैन, संभागीय अध्यक्ष संध्या, राधेलिया, शिवानी सिंघई, मीना प्रधान, रश्मि आलोक जैन,विद्या चौधरी, आशा, दिलीप, ममता ने कहा कि उनके नेतृत्व एवं अनुभव से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी.

इस अवसर पर मंजू मगन जैन ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ करेंगीं.

# सामुदायिक सेवा एवं शिविर को लेकर बैठक

नवभारत न्यूज

**सागर 28 मार्च. ग्राम पंचायत रानगिर में स्थित माँ हरसिद्धी माता के मंदिर प्रांगण में 29 मार्च रविवार को मेगा शिविर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है.**



आयोजित शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं शासन के समस्त विभागों के समन्वय से विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाया जाना सुनिश्चित किया गया है. इस सामुदायिक सेवा एवं साक्षरता शिविर का उद्देश्य आमजन को न केवल जागरूक किया जाना है बल्कि उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाना है. जिला विधिक सहायता अधिकारी मिथिलेश डेहरिया द्वारा बताया गया कि उक्त शिविर के सफल आयोजन को सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष एम.के. शर्मा के द्वारा समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया जाकर शिविर के आयोजन हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गये थे तथा आज शिविर का स्थल का निरीक्षण कर सम्पूर्ण जायजा लिया गया.

# सांसद ने युवाओं को रोजगार और पारदर्शिता का मुद्दा उठाया

नवभारत न्यूज

**सागर 28 मार्च. संसद में सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने बीना विधानसभा में स्थित भारत पेट्रोलियम रिफाइनरी के लगभग 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के विस्तार परियोजना को लेकर इस महत्वाकांक्षी परियोजना को बुंदेलखंड के औद्योगिक भविष्य के लिए अहम बताते हुए इसके क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता और स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की मांग की.**

उन्होंने कहा कि इस परियोजना में देश-विदेश की बड़ी-बडी कंपनियां कार्य कर रही हैं, जिससे इसकी व्यापकता और महत्वता और भी बढ़ जाती है, ऐसे में यह जानना आवश्यक है कि केंद्र सरकार द्वारा इसकी निगरानी के लिए कोई विशेष मॉनिटरिंग तंत्र स्थापित किया गया है या नहीं. साथ ही उन्होंने परियोजना के क्रियान्वयन, पर्यावरणीय मानकों के पालन और अन्य गतिविधियों के आकलन के लिए स्वतंत्र सोशल ऑडिट व्यवस्था लागू करने का भी प्रश्न उठाते हुए स्थानीय युवाओं के रोजगार को लेकर भी चिंता व्यक्त करते हुए जानना चाहा कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से उत्पन्न होने वाले रोजगार के अवसरों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने के लिए क्या दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं.

# विधवा बहू को पीटा

**ललितपुर.** कस्बा पूराकलां में एक विधवा महिला को उसके ही सास-ससुर और देवरों ने मिलकर बेरहमी से पीट दिया. पीड़िता का आरोप है कि पति की मृत्यु के बाद से ही उसके ससुराल वाले उसे घर से भगाने के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं. पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता रूबी रजक ने बताया कि करीब 10 माह पूर्व उसके पति की मृत्यु हो गई थी. तब से वह अपने बच्चों के साथ ससुराल में ही रह रही थी. आरोप है कि उसके ससुराल पक्ष के लोग उसे घर से बाहर निकालने की धमकी देते रहते हैं. रूबी घर पर थी, तभी ससुर प्रागी रजक, सास पार्वती रजक, दो देवर मदन व पप्पू रजक वहां आए और उसे भद्दी-भद्दी गालियां एवं मारपीट करने लगे.

# सांदीपनि विद्यालय में मेले का आयोजन

नवभारत न्यूज

**रहली 28 मार्च. सांदीपनि विद्यालय के प्राइमरी विंग में एलकेजी से कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों का अंतिम मूल्यांकन अभिभावकों के समक्ष किया गया.**



विद्यालय में अरुण व प्रभात कक्षा में 125 बच्चे दर्ज हैं. जिसमें से 82 छात्र अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित हुए. इस प्रक्रिया के लिए 6 स्टॉल लगाए गए, जिनमें स्थूल गत्यात्मक कौशल, सूक्ष्म कौशल, संज्ञानात्मक विकास और संख्या पूर्व कौशल, भाषा विकास एवं आरंभिक साक्षरता, सामाजिक एवं विकास रचनात्मक एवं सौन्दर्य बोध का आकलन किया गया. कक्षा पहली व दूसरी में 101 बच्चे दर्ज है. एफएलएन मेला में आंकलन किया गया और मेले में अभिभावकों ने फीडबैक भी दिए.

कार्यक्रम प्रभारी नीरज नेमा ने बताया कि ईसीसीई व एफएलएन के माध्यम से आकलन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास का मापन करना, व्यक्तिगत और समूह स्तर पर उनकी प्रगति को समझना, तथा सीखने के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधार करना है. प्राचार्य दिलीप चौबे ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शालेय प्रक्रियाओं में अभिभावकों का साथ बहुत आवश्यक है. कार्यक्रम को शिक्षक संजय खरे ने भी संबोधित किया. शिक्षिका सरोजिनी अग्निहोत्री, अंजना चौरसिया, प्रीति मनिहार, उमा चौरसिया,रेखा साहू, आकांक्षा विश्वकर्मा,उमेश पाल, हिमांशु राजपूत,सौरभ पटैल, नीरज शर्मा ने बच्चों की गतिविधियों को संपन्न कराया. इस अवसर पर अविभावक शिक्षक गोविंद सिंह ठाकुर, अभिषेक शर्मा, शालिनी दुबे व विद्यालय का स्टॉफ उपस्थित रहा.

# भगवान श्रीराम जन्मोत्सव मनाया

नवभारत न्यूज

**बीना 28 मार्च. भय प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी भगवान श्री राम का जन्म उत्सव (रामनवमी) केवल एक धार्मिक उत्सव ही नहीं, बल्कि मर्यादा, सत्य और धर्म के प्रतीक भगवान श्रीराम के आदर्शों को याद करने के अवसर पर जन्म उत्सव मनाया.**



मां जागेश्वरी धाम श्री राम दरबार, देव रघुनाथ बड़ा मंदिर, श्री राम नाम सिद्ध,राम मंदिर बड़ी बजरिया, राम मंदिर छोटी बजरिया, कटरा मंदिर श्री राम दरबार, एवं ग्रामीण क्षेत्र के आदि मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखी गई. पुरुषोत्तम श्री राम जी का जन्मोत्सव मनाया गया. मंदिरों में घंटों-घड़ियालों की गूंज के बीच आरती हुई भक्तों ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं. रामनवमी को धर्म और सत्य की विजय का प्रतीक माना जाता है. भगवान राम ने अपने जीवन में आदर्श पुत्र, आदर्श राजा और आदर्श पति का उदाहरण प्रस्तुत किया. उनका जीवन यह सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और सत्य का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए. यही कारण है कि रामनवमी का पर्व लोगों को नैतिक मूल्यों की याद दिलाता है. भक्ति के साथ सामाजिक संदेश रामनवमी पर कई सामाजिक और धार्मिक संस्थाएं भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करती हैं.

# हार्वेस्टर से निकली चिंगारी से फसल जली

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 28 मार्च. हार्वेस्टर से चल रही फसल की कटाई के दौरान निकली चिंगारी से कई एकड़ में खड़ी गेंहू की फसल जलकर नष्ट हो गयी.**

घटना के बाद किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन ओएसडी अनिल दीक्षित को डीएम के कैम्प कार्यालय पहुंच कर सौंपा. तहसील महरौनी परगना बानपुर अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंदवाहा में रहने वाले किसानों ने डीएम को भेजे ज्ञापन में बताया कि खेतों में खड़ी फसल को हार्वेस्टर से फसल की कटाई की जा रही थी. आरोप है कि इसी दौरान हार्वेस्टर से चिंगारी निकलने लगी, जिसे देखकर किसानों ने हार्वेस्टर चालक से मशीन को तत्काल बंद कर देने की बात कही. कुछ समय बाद फिर से हार्वेस्टर डुलीचंद्र पुत्र घन्सा, मौजी पुत्र खम्बे, पप्पू, अजुद्दी पुत्र चिप्पे, रामप्रसाद पुत्र कम्मोद, प्रमोद कुमार पुत्र रामप्रसाद, अरविन्द कुमार पुत्र रामप्रसाद, हल्काई पुत्र कम्मोद, रामरतन चौबे पुत्र मुन्नालाल, जगदीश पुत्र चिम्मे, शिवचरण पुत्र डिब्बे के अलावा अन्य किसानों के खेतों में खड़ी फसल पर चालक द्वारा चला दिया गया और फिर से हार्वेस्टर से निकली चिंगारी गेंहू के खेत में जा गिरी, जिससे करीब 20 एकड़ में खड़ी गेंहू की फसल जलकर नष्ट हो गयी.

किसानों ने जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन के जरिए हार्वेस्टर चालक व मालिक के खिलाफ कार्यवाही, मौके जांच-सर्वे और मुआवजा दिलाये जाने की मांग उठायी है. ज्ञापन देते समय अजय नायक सिंदवाहा, प्रमोद कुमार, रामरतन चौबे, हल्काई, अजुद्दी, सुकलाल रजक, आर.पी., जगदीश, आशीष विश्वकर्मा, डुलीचंद्र, कमल, रामचरन, रामरती, अभय रजक, प्रवेश रजक एवं अनेकों किसान मौजूद रहे.

# वाहन रैली का आयोजन हुआ



नवभारत न्यूज

**सागर 28 मार्च. रामनवमी पर समस्त हिन्दू समाज के तत्वावधान में वाहन रैली का आयोजन किया गया.**

वाहन रैली तिली क्षेत्र से प्रारंभ होकर कैलाश धाम, रिमझरिया, तहसीली, सिविल लाइन एवं गोपालगंज होते हुए शनिचरी पहुंची. इस दौरान विभिन्न स्थानों पर रैली का स्वागत किया गया. श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर एवं जलपान की व्यवस्था कर स्वागत किया गया. आयोजन के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था भी सुचारु रूप से संचालित रही.

# कराते प्रतियोगिता में अन्नपूर्णा को स्वर्ण पदक

नवभारत न्यूज

**बीना 28 मार्च. भोपाल में आयोजित सीनियर व अंडर-21 राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की प्रतिभाशाली खिलाड़ी अन्नपूर्णा झा ने प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया.**



यह प्रतियोगिता 23 व 24 मार्च को एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, कोलार रोड, भोपाल में आयोजित की गई. प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अन्नपूर्णा झा ने अंडर-21 वर्ग के -55 किलोग्राम कुमीते स्पर्धा में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया. इसके साथ ही अन्नपूर्णा ने काता स्पर्धा में भी भाग लेकर बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया. अन्नपूर्णा झा ने यह सफलता अपने कोच सेंसई संदीप अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्राप्त की, जिनके प्रशिक्षण और प्रेरणा का उनके प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान रहा. अन्नपूर्णा की उपलब्धि पर जयदेव शर्मा, परितोष शर्मा, पदम सिंह रावत, शैलेन्द्र कुर्मी, अमित यादव सहित अनेक पदाधिकारियों, कोचों एवं खेल प्रेमियों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की है.


## अंक सूची में जाति सुधार सूचना

मैं नीलम सिंह गौंड पगारा रोड, नारायणी नगर ग्राम भैंसा जिला सागर का निवासी हूं।यह कि मेरा पुत्र आरव गौंड सेन्ट जोसेफ कान्वेंट स्कूल सागर अध्ययनरत है।यह कि स्कूली एवं समस्त दस्तावेजों में त्रुटिवश उसका नाम आरव आदिवासी गौंड और माता का नाम सोनम गौंड दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। अन्य शासकीय दस्तावेजो मे पुत्र का नाम आरव गौंड और माता का नाम सोनम कोरकू दर्ज है।अत: भविष्य मे भी पुत्र आरव गौंड और माता का नाम सोनम कोरकू से ही जाना और पहचाना जाए।

**सूचनाकर्ता**
**नीलम सिंह गौंड सागर**